तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 दादा-दादी, नाना-नानी के साथ बच्चों ने बिताया ...

14 सिलौटी के अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में आज लगेगा मेला








## खबर संक्षेप

### आज देवपुर में भरेगा माघ पूर्णिमा मेला

**धमतरी।** माघ पूर्णिमा मेला ग्राम डोंगेश्वर धाम देवपुर में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम 1 फरवरी रविवार हिमांसी वासनिक लोककला मंच अनुरागधारा राजनांदगांव एवं 2 फरवरी सोमवार सोन के मुंदरी लोक सांस्कृतिक संध्या शुकालू यादव ग्राम पोटियाडीह का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक श्री पातालेश्वर महादेव डोंगेश्वर धाम जन विकास समिति ग्राम देवपुर के सदस्य रेखराज सोनी एवं दुष्यंत निषाद ने यह जानकारी दी है।

### रुद्री में मड़ई 2 फरवरी को, संगी जहुरिया का नाचा होगा

**धमतरी।** दो फरवरी को माघी पुन्नी के अवसर पर ग्राम रुद्री में मड़ई का आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं कालोनीवासियों के सहयोग से किया गया है। रात्रि मनोरंजन के लिए संगी जहुरिया नाचा पार्टी बिलाईडबरी भाटापारा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति रुद्री से गिरधर साहू एवं बैगा गणेश ध्रुव ने दी है।

### सिर्वे में मड़ई मेला का आयोजन कल

**अंवरी।** ग्राम सिर्वे में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 2 फरवरी सोमवार को रखा गया है। जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी गोपाल बलराम रखा गया है। जिसकी तैयारी में ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### जीजामगांव में मड़ई मिलन समारोह कल

**जीजामगांव।** समस्त ग्रामवासी जीजामगांव के सहयोग से 2 फरवरी सोमवार को मड़ई मेला मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मां की ममता लोक-संस्कृति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम चिखली बांधा बाजार जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी सरपंच देवचरण चंद्राकर ने दी है।

### बेलोरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 3 से

**मगरलोड।** ग्राम बेलोरा निवासी स्व श्यामलाल साहू शिक्षक के स्मृति में बाजार चौक बेलोरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 3 से 11 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 3 फरवरी मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ के कथावाचक विष्णुप्रसाद दुबे नवीन जोरातराई वाले होंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह से शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की तैयारी में भानुप्रताप, अनुसुइया सहित साहू परिवार जुटे हुए हैं।

ओबीसी महासभा ने राष्ट्रपति सहित केंद्रीय मंत्रियों को लिखा पत्र

## जनगणना प्रपत्र में ओबीसी को जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मकान सूचीकरण के लिए 33 बिंदू वाली प्रश्नावली क्रमांक 12 में ओबीसी श्रेणी की जानकारी तत्काल शामिल करने की मांग ओबीसी महासभा ने की है। ओबीसी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चंद्रकला पटेल सहित महिला कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि हाल ही में जारी जनगणना 2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना के प्रश्नावली क्रमांक 12 विशेष चिंता का विषय है। इस प्रश्न में केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य



विकल्प दिया गया है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग का कोई उल्लेख नहीं है। ओबीसी महासभा ने कहा हैकि भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि जनगणना 2027 में जाति आधारित जनगणना शामिल होगी। ऐसे में प्रथम अधिकारिक प्रपत्र में ओबीसी का स्पष्ट उल्लेख नहीं होना कई प्रश्न खड़े कर रहे है। अन्य पिछड़ा वर्ग भारत की सामाजिक संरचना, आरक्षण व्यवस्था और कल्याणकारी नीतियों का सबसे बड़ा घटक है। इसके बावजूद इस श्रेणी का न होना ओबीसी परिवारों की पहचान, वर्गीकरण, गणना किस प्रकार होगी इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। जिससे ओबीसी जाति जनगणना को कमजोर या व्यवहारिक रूप से समाप्त किया जा रहा है। महासभा ने ज्ञापन में कहा है कि जनगणना भारत गणराज्य का सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय अभ्यास है। यदि इसकी प्रक्रिया में अस्पष्टता रहेगी। विशेषकर जाति गणना जैसे संवेदनशील विषय में आंकड़ों की विश्वसनीयता प्रभावित होगी। प्रश्न क्रमांक 12 में ओबीसी श्रेणी की जानकारी का कालम तत्काल शामिल करने की मांग की है।

## होली, दिवाली में खुली रहेंगी शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। होली, दिवाली में उन्हें ब्लैक में शराब लेना नहीं पड़ेगा। छत्तीसगढ़ शासन ने इन त्यौहारों के साथ दो अन्य ड्राई डे को लिस्ट से हटा दिया है। इन त्यौहारों में भी शराब दुकानें खुली रहेंगी।

छत्तीसगढ़ शासन ने ड्राई दिवस की सूची में संशोधन किया है। इस संशोधन के तहत 4 ड्राई डे को कम कर दिया गया है। पहले साल में 8 ड्राई डे थे, जिसमें स्वतंत्रता दिवस15 अगस्त, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर, मोहर्रम, बाबा गुरुघासी दास जयंती 18 दिसंबर, महात्मा गांधी पुण्यतिथि 30 जनवरी, होली और दिवाली शामिल थे। इसमें से होली, दिवाली, मोहर्रम और महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को हटा दिया गया है। अब साल में सिर्फ चार दिन ही शराब दुकान बंद रहेंगे। इसमें स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, महात्मा गांधी जयंती और बाबा गुरुघासी दास जयंती शामिल हैं।



### दिखेगा असर

होली, दिवाली जैसे त्यौहारों में शराब की खूब बिक्री होती है। शराब दुकान बंद रहने से मदिरा प्रेमी ब्लैक में शराब खरीदते थे। अब शराब दुकान खुली रहने से उन्हें आसानी से शराब मिलेगा। इस दौरान उपद्रव होने की आशंका भी ज्यादा रहेगी। सामने होली का त्यौहार आने वाला है। शराब दुकान बंद रहने के बाद भी इस त्यौहार में लोग झूमते हुए नजर आते हैं। शराब दुकान खुली रहने से स्थिति और भी खराब होगी।

### चार दिन रहेगी दुकानें बंद

शासन स्तर से ड्राई डे की लिस्ट में बदलाव किया गया है। यह बदलाव पूरे प्रदेश में लागू रहेगा। अब दो राष्ट्रीय पर्व को मिलाकर साल में कुल चार दिन शराब दुकानें बंद रहेंगी।

- निरूपमा लोन्हारे, *आबकारी अधिकारी*

## नशे का कहर : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ आमा तालाब रोड की घटना

नशे में धुत्त युवकों ने अपनी बाइक को तेज गति से चलाते हुए सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ा दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए हैं।

इन दिनों नशा यूथ के सिर चढ़कर बोल रहा है। नशे के कारण ही ज्यादातर सड़क हादसे हो रहे हैं। शराब सेवन कर युवा सड़कों पर फर्राटेदार बाइक दौड़ा सड़क दुर्घटना के शिकार बन रहे हैं। लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं से मौत भी हो रही है। वहीं परिवार बर्बाद भी हो रहा है। इसके बावजूद भी लोग नशा करके वाहन चलाने के दुष्परिणाम को समझने को तैयार नहीं है। कुछ इसी तरह की घटना शुक्रवार की रात्रि आमा तालाब रोड में सामने आई है। रामसागर पारा निवासी जागेश्वर गौतम पिता राजू उम्र 20 वर्ष व प्रेम निर्मलकर पिता सुरेश उम्र 17 वर्ष बाइक को तेज रफ्तार चलाते हुए आमा तालाब रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी। युवकों ने अपनी बाइक को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दूसरे बाइक को टक्कर मार दी। घटना में दोनों बाइक व सवार सड़क पर गिर गए। दोनों युवक घायल हो गए। वहीं दूसरे बाइक के सवार को ज्यादा चोट नहीं लगी। वह अपनी बाइक के साथ वहां से चला गया जबकि दोनों युवक नशे में होने के कारण उठकर खड़े होने की स्थिति में नहीं थे। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान मौके पर पहुंच घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।





## अग्निशामक यंत्र मिले पुराने, वाटर कूलर भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय विधायक ओंकार साहू ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कॉलेज में कई गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आईं। विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। तत्काल ही कई सुविधाएं बहाल भी कर ली गई।

विधायक ओंकार साहू ने निरीक्षण के दौरान पूरे कॉलेज का भ्रमण किया। निरीक्षण में पाया गया कि कॉलेज के सेकंड फ्लोर में विद्यार्थियों के लिए पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कॉलेज परिसर में लगाए गए अग्निशामक यंत्र अत्यंत पुराने एवं निष्क्रिय अवस्था में पाए गए। इसके अतिरिक्त कॉलेज परिसर में सफाई व्यवस्था की स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। कई स्थानों पर गंदगी एवं रखरखाव की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। निरीक्षण के दौरान विधायक ने शिक्षकों के उपस्थिति (अटेंडेंस) रजिस्टर का भी अवलोकन किया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि कॉलेज में बिना लिखित आवेदन के केवल फोन कॉल के माध्यम से शिक्षकों को अवकाश दिया गया है। विधायक श्री साहू ने कॉलेज के प्राचार्य को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा, सुविधा एवं शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### सुधार ली गई है व्यवस्था

कालेज के कमरों की रोजाना सफाई होती है। कुछ स्थानों पर जाले लगे थे , जिसे रोजाना साफ करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। उपद्रव करते हुए कूलर का प्लग किसी ने निकाल दिया था, वह भी चालू हो गया है। एक प्रोफेसर दिल्ली से आ रही है। आने में लेट हो गया। उसने फोन पर सूचना दी है। कॉलेज आने के बाद उससे छुट्टी का आवेदन ले लिया जाएगा।

- डॉ विनोद कुमार पाठक, *प्राचार्य पीजी कॉलेज धमतरी*

### व्यवस्था सुधारने के निर्देश

विधायक ने कहा कि शासकीय शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है। छात्रहित सर्वोपरि है और कॉलेज की संपूर्ण व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाना आवश्यक है। मौके पर ही उन्होंने प्राचार्य को सभी कमियों को शीघ्र दूर करने तथा व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, नगर निगम धमतरी के उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, विधायक प्रतिनिधि (पीजी कॉलेज) राकेश मौर्य एवं धर्मेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का हुआ समापन, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने लोगों को किया प्रेरित

## गुड समेरिटन व लोगों को जागरूक करने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सड़क सुरक्षा जीवर रक्षा के संदेश के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का गरिमामय वातावरण में सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ है।

जिले में 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा था। जिसका शनिवार को गांधी मैदान में सम्मान समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा कार्यक्रम को एक सप्ताह से बढ़ाकर एक माह किया गया। महापौर ने लोगों से शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणाम स्वरूप दुर्घटनाओं में 8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जिसे आगामी समय में 12 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए आने वाले दिनों में सड़क पर कार्रवाई ढाई गुणा बढ़ेगी। उन्होंने नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने देने, हेलमेट, सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग करने की अपील की। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग कर हम अपनी जान बचा सकते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में अनेक परिवार उजड़ जाते है जिसका प्रभाव पूरे परिवार की मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष लगभग 200 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो जाती है। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने अपने परिवार से जुड़े एक दुर्घटना के अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से जान चली जाती है। इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायल को त्वरित अस्पताल पहुंचाने वाले गुड समेरिटन व सड़क सुरक्षा माह के दौरान लोगों को जागरूक करने वालों का सम्मान किया।

समापन कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू पहुंचे थे। कुछ देर रूकने के बाद वह चले गए। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला परिवहन अधिकारी मो. अ. मुजाहिद, सीएमएचओ डा.यू.एल. कौशिक, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी यातायात प्रभारी मोनिका मरावी, मीना साहू, यशकरण दीप ध्रुव, वैज्ञानिक अधिकारी अमित पटेल, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, ट्रेफिक इंचार्ज खेमराज साहू, रेडक्रास सोसायटी के प्राप्ती वासानी, समाजसेवी संगठन के सदस्य, स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट, यातायात पुलिस स्टाफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





### इनका हुआ सम्मान

समापन समारोह में यातायात शाखा के एसआई खेमराज साहू, रामकृष्ण साहू, बोधनसिंह ध्रुव, मोहन निषाद, प्रधान आरक्षक चमन सिंह, जितेंद्र कृदत्त, उत्तम साहू, पेमन साहू, दौलत मरकाम, ठाकुर राम सिन्हा, देवेंद्र गजेंद्र, आरक्षक कीर्तन भारती, धर्मेंद्र जांगड़े, बालमुकुंद राजे, गणपत डिडोलकर, राजीव साहू, तरूण साहू, दिनेश साहू, महेंद्र पटेल, शत्रुघन मरकाम, होमन लाल सिन्हा, मनीष, पुनासिंग साहू, कीर्तन यादव, उमेश ढीमर, कृपानिधि गजेंद्र, संदीप यादव, योगेश गौतम घायलों की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन चंद्रशेखर साहू, योगेंद्र साहू, नीलकंठ ठाकुर, सुनील साहेब, इंद्रजीत सहू, मंजू माही रात्रे, रोशन राठी, शुभम रणसिंह, प्रदीप सोनकर सहित मानव सेवा व सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यो के लिए शिवा प्रधान, प्रफूल्ल शेंडे, डूमन साहू को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### तर्रागोंदी में आज विधायक अजय करेंगे महिला मानस भवन का लोकार्पण

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम तर्रागोंदी में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज अंतिम दिवस कुरूद विधायक अजय चंद्राकर महिला मानस भवन का उद्घाटन करेंगे। मानसगान सम्मेलन के



समापन समारोह के अतिथिगण गणेशराम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, कामताराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा, चोवाराम साहू सरपंच तर्रागोंदी, अरुण साहू उपसरपंच तर्रागोंदी, सुदर्शन साहू संरक्षक साहू समाज तर्रागोंदी, लीलाराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, विनायकराम साहू अध्यक्ष हाईस्कूल, द्वारिकाप्रसाद साहू वरिष्ठ नागरिक, डोमन सेन वेशभूषा डिजाइनर, यदुनाथ साहू बिल्डिंग ठेकेदार, चमनलाल साहू कोषाध्यक्ष, परशराम साहू नयापारा तर्रागोंदी उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 301 रू, द्वितीय 201 रू, तृतीय पुरस्कार 101 रुपए रखा गया है। 3 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें दर्शकों के मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी विनायकराम साहू दी।

## निधन

### श्रीमती कृपामणी सिंग

**धमतरी।** टिकरापारा निवासी सिंधी कन्या शाला की पूर्व शिक्षिका



श्रीमती कृपामणी सिंग का लंबी अस्वस्थता के चलते 30 जनवरी को निधन हो गया। वे रूप सिंग की पत्नी, डॉ. रुबीना मैथ्यू की माता, आलोक मैथ्यू की सास एवं वर्णिका लुईस, वर्तिका सालोमन की मौसी थी।

### दुगदी बाई निर्मलकर

**धमतरी।** ग्राम सोरम निवासी दुगदी बाई निर्मलकर का शनिवार को



आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए वे आत्माराम निर्मलकर, सेवक राम निर्मलकर की मां और योगेंद्र, जितेंद्र और दीपक की दादी थी।

### कर्णेश्वर धाम में मेला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# माता कर्मा व हनुमान मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कर्णेश्वर धाम में मेला महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया है। प्रथम दिवस भक्त माता कर्मा व हनुमानजी मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कलशयात्रा व गंगा पूजन से हुई। आचार्य पवन मिश्रा, उपाचार्य गंगेश तिवारी गंडई, प्रवीण मिश्रा रायपुर ,राकेश चौबे पदमपुर के द्वारा प्रथम दिवस के प्रातःकालीन बेला में पंचाग पूजन, वेदी पूजन उपरांत भव्य कलश यात्रा निकली जो महानदी व बालका नदी से जल लेकर कर्णेश्वर धाम पहुंची। संध्या कालीन बेला में माता कर्मा व हनुमानजी की मूर्ति का अन्नाधिवास हुआ। दूसरे दिन दोनों मन्दिर में कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूर्णाहुति हुआ।

मन्दिर व मण्डप का निर्माण जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने अपने परिजन की स्मृति में किया है, वहीं भक्त माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी साहू सांकरा





तथा हनुमानजी की मूर्ति प. नारायण प्रसाद की स्मृति में लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय परिवार नगरी द्वारा दी गई है। शनिवार सांध्याकालीन बेला में चित्रोत्पला महानदी व कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। परम्परानुसार खम्भेश्वरी में ध्वजा



लगाया गया। मेला महोत्सव के दौरान रात्रि में 1 फरवरी को लोक प्रयाग राजिम, 2 फरवरी को रंग झरोखा भिलाई, 3 फरवरी को स्वरागिनी डान्स ग्रुप रतनपुर, 4 फरवरी को रंग छत्तीसा राजनांदगांव, 5 फ़रवरी को गोल्डन स्टार नाइट राजिम की सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

इस दौरान संरक्षक कैलाश पवार, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सहसचिव द्वय मोहन पुजारी, रामभरोसा साहू, वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, नागेन्द्र शुक्ला, शिवकुमार परिहार, ललित शर्मा, कमल डागा, रामप्रसाद मरकाम, गगन नाहटा, नोहर साहू, छबि ठाकुर, रामलाल नेताम, मोहन पुजारी, योगेश साहू, अमरसिंह पटेल, अंजोर निषाद, रवि भट्ट, दीपक यदु, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, मिलेश साहू, बबलू गुप्ता, ललित निर्मलकर, ईश्वर जांगड़े, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति, दीपक यदु, प्रकाश सार्वा, देवेंद्र साहू, हनी कश्यप, नरसिंह मरकाम, मोहन नाहटा, बंटी जैन, होरीलाल पटेल, केआर बोरघरिया, टेश्वर ध्रुव, मदन साहू, सन्तू साहू, डोमार मिश्रा, मनोज गुप्ता, प्रेमजीत छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग यादव समाज सिहावा क्षेत्र जिला धमतरी के सामाजिक प्रतिनिधि मंडल की ओर से शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात कर स्मृति चिन्ह के साथ 9 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर सिहावा क्षेत्र यादव समाज के अध्यक्ष गोवर्धन यादव, संगठन मंत्री डीके यादव, सर्वयादव समाज अध्यक्ष नन्द यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव डोमेंद्र यादव, भोथली परिक्षेत्र अध्यक्ष अंकालू यादव, उपाध्यक्ष नरेश यादव सचिव गजानंद यादव तुमड़ीबहार वरिष्ठ सलाहकार जीवन यादव मेचका अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भोथली परिक्षेत्र देवचरण यादव सहित सिहावा क्षेत्र के समाजिकजन आमंत्रण देने उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ ने सीएम साय को सौंपा ज्ञापन

- धान खरीदी सहित किसानों की अन्य समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसकसे पूर्व किसान संघ ने 16 जनवरी को सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा था। संघ ने ज्ञापन में कहा था कि वर्तमान खरीदी प्रक्रिया में प्रशासन द्वारा किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाकर रकबा समर्पण कराया जा रहा है, जिस कारण किसान आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। किसानों का टोकन नहीं कट रहा है।

आज तक सरकार के आंकड़े के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में



लगभग डेढ़ लाख किसान धान बेचने से वंचित हैं। खरीदी केंद्रों पर टोकन नहीं मिलना, नमी, भुगतान से जुड़ी समस्याएं लगातार सामने आना, भुगतान हेतु बहुत से किसानों को 15 दिन तक इंतज़ार करना पड़ रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात में स्पष्ट किया कि किसानों को खरीदी केंद्रों पर बेवजह परेशान न किया जाए। धान की गुणवत्ता के नाम पर मनमानी कटौती बंद हो। जिन किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया है, समय सीमा बढ़ाकर उनकी शीघ्र खरीदी की जाए। भुगतान प्रक्रिया को सरल व समयबद्ध बनाया जाए। किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल की बात सुनने के पश्चात मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि किसान हित में फैसला लिया जायेगा। यह जानकारी भारतीय किसान संघ के धमतरी जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने दी।

## राज्यस्तरीय स्कूल गेम में कन्या शिक्षा परिसर दुगली की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नेशनल स्कूल गेम 2025-26 अंतर्गत राज्यस्तरीय स्कूल गेम 2025-26 (एथलेटिक्स) का आयोजन जगदलपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।

एथलेटिक्स अंडर-19 बालिका वर्ग में सविता पिता पुसऊ राम ने



100 मीटर, 800 मीटर दौड़ एवं 4×100 मीटर रिले में भाग लिया। रिले स्पर्धा में सविता ने कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) अर्जित कर जिले को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली की नीली सोम कक्षा 12वीं पिता मनक राम एवं ऋतु कक्षा 11वीं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। वहीं स्क्वैश अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रतिभागी कामिनी, मंजू, भित्तेश्वरी, भूमिका एवं कुमुदनी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या परिसर दुगली की कुल 8 छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से 5 छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है।

इस उपलब्धि पर विधायक प्रतिनिधि शत्रुघन साक्षी, अधीक्षिका राजकुमारी मंडावी एवं हरक मंडावी ने हर्ष जताया है।

## संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने इस वर्ष भी अपने विधायक निवास एवं कार्यालय नगरी में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी एवं देश के संविधान को नमन किया। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए संविधान निर्माताओं के योगदान को स्मरण किया लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान देश की आत्मा है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार,



न्याय, स्वतंत्रता और गरिमा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि संविधान को समझने, उसके मूल्यों को आत्मसात करने और व्यवहार में उतारने का अवसर है। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष अनवर रजा, पूर्व जिला पंचायत सभापति मीना बंजारे, तामेश्वरी मरकाम, जीवन नहाटा, टेश्वर ध्रुव, सजल नाग, राजेन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान की सर्वोच्चता बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

## राउत नाचा के कलाकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लखनऊ के विधानभवन परेड स्थल में आयोजित मुख्य समारोह में



धौराभाठा धमतरी के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। उनकी इस प्रस्तुति पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से उनका सम्मान किया।

इस समारोह में एक भारत - श्रेष्ठ भारत के तहत 10 राज्यों से आये 18 दलों के 261 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसमें मन मोहना राउत नाचा संस्था धौराभाठा धमतरी के कलाकारों भी शामिल थे। इन कलाकारों ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक नृत्य राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास में दल प्रमुख के साथ संवाद किया। उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहते हुए उनका अभिनंदन कर अपनी कला का निरंतर अभ्यास करते रहने की सीख के साथ कलाकारों को सम्मानित किया। संस्था के संचालक केशव यादव ने बताया कि वे विगत 28 वर्षों से राऊत नाचा की प्रस्तुति अंचल के साथ ही राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर देते आ रहे हैं। उनकी पूरी टीम योगी जी के हाथों से सम्मानित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। राउतनाचा की प्रस्तुति देने वालों में केशव यादव के साथ दल में गौरीशंकर यादव, टिकेश्वर यादव, सोमप्रकाश यादव, गीतेश यादव, घना यादव, ललित यादव, नीरज यादव, गणपत यादव, डिगेन्द्र यादव, सियाराम नगारची, ओंकार ध्रुव, मन्नू साहू, टिकेश्वर ध्रुव, राजू निषाद आदि शामिल थे।

### ग्राम पंचायत करैहा सरपंच ने की मरम्मत की मांग

# भारत माला परियोजना से क्षतिग्रस्त हुई सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत करैहा से गट्टासिल्ली पहुंच मार्ग की जर्जर हालत को लेकर ग्राम पंचायत करैहा के सरपंच राधेश्याम नेताम के नेतृत्व में नगरी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा गया।

उल्लेखनीय है कि करैहा-आमदी-चिवरी मार्ग से होकर भारत माला परियोजना अंतर्गत सरगी से बासनवाही तक 6 लेन सड़क का



निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन से करैहा से गट्टासिल्ली पहुंच मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग की कुल लंबाई लगभग 7 किमी है, जिसमें से करैहा से कुम्हड़ीकोट तक लगभग 4 किमी हिस्से की ही मरम्मत की गई है, जबकि शेष लगभग 3 किमी मार्ग अब भी अत्यंत खराब स्थिति में है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा संबंधित निर्माण कंपनी को कई बार सड़क मरम्मत हेतु अवगत कराया गया, लेकिन कंपनी की ओर से केवल आश्वासन ही मिला है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, मरीजों एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में शीघ्र शेष मार्ग की मरम्मत कर आवागमन सुचारु कराने की मांग की गई है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत करैहा के सरपंच राधेश्याम नेताम, उपसरपंच सखाराम गंजीर सहित वार्ड पंच तोरण मंडावी, शंकर नेताम, किशोर मंडावी, सहदेवराम साहू, पूर्णिमा नेताम, संतोषी ठाकुर, ममता यादव, किरण साहू, कौशिल्यादेवी कश्यप, कोताबाई मरकाम, पुनाराम साहू, याकेश कोमरे, जुगरुराम नेताम, रतिराम मंडावी, रोशन साहू, छन्नूराम साहू, धनीराम नेताम, सुनील नेताम, घनश्याम यादव, मनोज कुंजाम, राजेन्द्र नेताम, महादेव सलाम, आजूराम सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### रामायण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है : अजय



**अंवरी।** ग्राम देवरी में आयोजित तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर रहे। अन्य अतिथि ज्योति जैन, जनपद सदस्य सिंधु बैस, विधायक प्रतिनिधि नपं भखारा हरख जैन, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद सदस्य, सभापति आनंद यदु, एवन साहू जनपद सदस्य, छत्रपाल बैस सोसाइटी अध्यक्ष, दाऊ खिलेश्वर बैस पूर्व सरपंच, योगमाया साहू सरपंच देवरी, मिथलेश साहू सरपंच भेंडरवानी थे। अपने उद्बोधन में विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि रामायण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो समाज को सत्य, सेवा और संस्कार का मार्ग दिखाती है। उन्होंने सनातन संस्कृति की रक्षा और मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। ज्योति जैन ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, समरसता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

- देवरी के मानसगान सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

### पीएमश्री प्राशा अरौद में वार्षिक उत्सव मना



**मगरलोड।** पीएमश्री शाप्रा एवं माध्यमिक शाला अरौद में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने नृत्य, गायन प्रहसन, नाटक का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय में गत वर्ष कक्षा 5 वीं में प्रथम रहे चिन्मय ,द्वितीय ओजस्वी, तृतीय टेमेश्वरी को विद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। शत्रुहन साहू, ललमत चौरे, ललेश्वरी, नेमीन साहू , देवेन्द्र साहू ,लुकेश्वरी दीवान को श्रीफल, गमछा भेंटकर सम्मान दिया गया। विद्यालय में कार्यरत रसोइया, सहायिका एवं स्वीपर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच पेखनराम साहू, विशिष्टि अतिथि नीलकंठ ग्रामीण अध्यक्ष एवं रिखीराम साहू, नवदीप, प्रेमलाल साहू, गीता साहू, उपसरपंच डामिन, पंच गुलाब, पंच आदेश यादव, प्राथमिक एसएमसी अध्यक्ष लुकेश्वरी, उपाध्यक्ष उर्वशी प्रजापति, एसएमसी अध्यक्ष माध्यमिक शाला थे। प्रधानपाठिका श्रीमती पुष्पलता यादव ने आभार व्यक्त। मौके पर प्रमोद ध्रुव, यशवंत कंवर, देवेन्द्र साहू, नेतराम पटेल, चन्द्रशेखर जाहू, श्री नामदेव, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला अनेश्वर साहू एवं सावित्री साहू उपस्थित थी।

### भारतीय संविधान हमें समानता की राह दिखाता है



**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की राह दिखाता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए शिक्षा, अनुशासन और सेवा के माध्यम से राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों एवं कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। समारोह में अतिथि नपं आमदी के पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला, पूर्व पार्षद कविता साहू तथा एमन साहू एवं जागेश्वर साहू थे। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार एवं रासेयो स्वयंसेवक साहिल, तुलसीरानी, वेदप्रकाश, मोनीश, सोमप्रकाश, संगीता, दुर्गेश्वरी, मन्दाकिनी, संध्या पटेल, युक्ति तिवारी, खुशबू, संतोष का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल द्वारा किया गया।

### प्रभातफेरी निकली, देशभक्ति गीत व नाटक का हुआ मंचन



**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ वीर शहीदों व भारत के महापुरुषों एवं भारतमाता, ओम, सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रभातफेरी निकाली गई। देशभक्ति गीत, नाटक , कविता, भाषण द्वारा लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि खिलेश्वर किरण मुख्य प्रबंधक गायत्री परिवार जिला धमतरी थे। अध्यक्षता तेजराम साहू अध्यक्ष सरस्वती शिक्षण समिति आमदी ने की। विशिष्ट अतिथि देवलराम साहू, दाऊलाल साहू, थानेंद्र साहू, टामन निर्मलकर, लोकेश साहू, डीलेश्वर साहू थे। इस समारोह में प्राचार्य जनकराम साहू, प्यारेलाल साहू, चंद्रहास साहू, लोमेश्वर साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम साहू, शिक्षिका प्रेमा साहू, उर्मिला,चमेली साहू, लक्ष्मी साहू, नर्मदा मटियारा, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल, रेणुका साहू, लोमिका साहू का सहयोग रहा।

### 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्रों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार देवांगन के निर्देशन, स्वीप प्रभारी प्रो. आर.आर. मेहरा के मार्गदर्शन में मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन एवं आफलाइन मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया। इसमें फार्म 6 ऑनलाइन 10 छात्र–छात्राओं का नाम महाविद्यालय में वेबसाइट के माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ा गया। साथ ही साथ 6 छात्राओं का जिनका नाम एसआईआर में छूट गया था, उनको भी फार्म 6 आफलाइन भरवाया गया। इसके अलावा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। स्वीप सहयोगी पीजीडीसीए के शिक्षक सौरभ पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वाकर भारतीय नागरिक होने को कहा गया। प्रमोद चौरे ने ऑनलाइन फार्म भरने में सहयोग किया गया। मतदाता दिवस पर छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम प्रो. अश्वनी ध्रुव, प्रो. जयराम कुरैशी, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, डिलेश्वरी पटेल, गंगाधर साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

- सुखराम कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना

## अंचल की खबरें

### छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण प्रस्तुत किया



**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने झंडा वंदन प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि 26 जनवरी केवल झण्डा फहराने या परेड देखने का दिन नहीं बल्कि खुद से सवाल करने का दिन है, क्या हम सच में अच्छे नागरिक बन रहे हैं। मौके पर श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, रूमानी कुरेशी, हेमलता देवांगन, ज्योति सोनी, गायत्री दुबे, शीतल सोनी, प्रिया शर्मा, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, जगदीश सोनी, आदित्य दुबे, घनश्याम शर्मा, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। मंच संचालन शीतल सोनी एवं ज्ञानेश्वरी धीवर ने किया।

### हटकेशर के पालना घर में मना गणतंत्र दिवस



**धमतरी।** हटकेशर वार्ड स्थित नागदेव महिला मंडल द्वारा संचालित पालना घर में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली से हुई, जिसने पूरे वार्ड को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण साहू ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात बच्चों ने राज्य गीत सहित अन्य गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए और कविताएं सुनाकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों को प्रोत्साहित करने पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर नागदेव महिला मंडल की अध्यक्ष पूना देवी गौतम सहित महिला मंडल की पदाधिकारी, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

### अंजुमन स्कूल में लहराया तिरंगा



**धमतरी।** अंजुमन हॉयर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनस उस्मान साहब ने तिरंगा झंडा फहराया गया। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद शोएब रोकड़िया शेख मोबिन साहब, नवाब अली, निसार खान, अफजल अली रिज़वी, हाजी शरीफ रोकड़िया, उमर उस्मान, सलाम खत्री, हनीफ कुरैशी, अलताफ, हाजी सादिक हुसैन, मो. नौशाद, डा. मेहताब उस्मान, हाजी जियाउद्दीन बाठिया, मौलाना अख्तर, मकसूद, महबूब, जाफर अली, हाफिज मुस्तकीम, समद खान, हाजी रहमान खान, शहनवाज अली, रियाजुद्दीन, शेख अफजल, मो. सलाम तिगाला, हाजी मो. इस्माईल खत्री, हाफिज निहालुद्दीन थे। मुख्य अतिथि अनस उस्मान ने बच्चों को शिक्षा पर जोर देते हुए अच्छी तरह मेहनत कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक डिगेश्वर गजेन्द्र ने अनेकता में एकता का संदेश दिया। शाला के प्रशासक असदुल हुसैन ने स्कूल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य सत्तार खान एवं वरिष्ठ शिक्षक असलम भाटी ने किया।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मां दंतेश्वरी स्कूल का श्रेष्ठ प्रदर्शन



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में गायत्री शक्तिपीठ धमतरी द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय से प्रथम स्थान पर प्रवीण ध्रुव पिता संतराम ध्रुव कक्षा 7वीं 75 अंक, द्वितीय हिमांशी बंजारे पिता मोहन बंजारे कक्षा 5वीं 73 अंक एवं तृतीय कावेरी हल्बा पिता मनहरण हल्बा कक्षा 8वीं 71 अंक तथा तृतीय धनिष्ठा मीनपाल पिता सुनील मीनपाल कक्षा 8वीं ने 71 अंक प्राप्त किया। परीक्षा में सफल छात्र -छात्राओं को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती लीला साहू, मोहन साहू, वर्षा देवांगन, वीणा साहू, पूर्वी सोनकर, प्रियंका यादव, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, दुर्गा देवांगन, सोनाली रजक, छाया तिवारी, काजल यादव, फाल्गुनी ढीमर, प्रवेश चांडक, भूखीन ध्रुव सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पालक राम विश्वकर्मा बने अध्यक्ष



**पुरी।** सोरिद भर्रीपारा भवन में 27 जनवरी को परिक्षेत्र विश्वकर्मा समाज की वार्षिक बैठक हुई। इस बैठक में समाज के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया, जिसमें पालक राम विश्वकर्मा को अध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष अरुण विश्वकर्मा एवं देवपुर अध्यक्ष नरेश विश्वकर्मा एवं लक्ष्मेंद्र विश्वकर्मा ग्राम देमार को धमतरी परिक्षेत्र का अध्यक्ष, श्याम सुंदर विश्वकर्मा को संरक्षक चुना गया।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में ग्रैंड परेंट्स डे आयोजित

# दादा-दादी, नाना-नानी के साथ बच्चों ने बिताया खुशनुमा पल





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय लोहरसी में शुक्रवार को ग्रैंड परेंट्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्तर के बच्चों के अभिभावक के रूप उनके दादा-दादी, नाना-नानी स्कूल पहुंचे थे। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दादा-दादी, नाना-नानी ने बच्चों के साथ कुछ खेल खेले। बच्चों ने अपने बचपन के मित्रों दादा-दादी, नाना-नानी के सामने गीत, नृत्य और नाटक का मंचन किया।

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय लोहरसी में शुक्रवार को सुबह 8.45 बजे ग्रैंड परेंट्स डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर के बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी पहुंचे। स्कूल के मुख्य द्वार पर बच्चों ने अपने प्यारे दादा-दादी, नाना-नानी का तिलक लगाकर और अपने हाथों से बनाए ग्रीटिंग भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद उनका हाथ पकड़कर कार्यक्रम स्थल तक ले गए। स्कूल के गलियारे में बच्चों ने तालियां बजाकर अपने ग्रैंड परेंट्स का स्वागत किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक ग्रैंड पैरेंट्स मोहनलाल गंजीर और उनकी पत्नी श्रीमती जयंती गंजीर थी। अध्यक्षता स्कूल के प्रभारी प्रचार्य पीएल साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुआ।

प्रभारी प्रचार्य श्री साहू ने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने ग्रैंड पैरेंट्स का हमेशा आदर व सम्मान करते हुए उनकी सेवा करें। सुबह जब स्कूल आएं तो उनके चरण छूकर ही घर से निकलें। बच्चे अकेले रहते हैं इस कारण तनाव में रहते हैं। संयुक्त परिवार में रहने पर अपने बड़े बुजुर्गों का साथ मिलता है। इससे उन्हें अच्छा मार्गदर्शन और प्यार मिलता है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि अपने बुजुर्गों के साथ बैठकर उनके अनुभव को जरूर सुने। इसके बाद छोटे बच्चे सूजल ने दादा-दादी पर छोटा भाषण दिया। तत्पश्चात क्लास 3 और 5 के बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद योगिता मैडम ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि मोहनलाल गंजीर ने बच्चों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने गायत्री परिवार से जुड़ने की अपील की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत दादा-दादी, नानी-नानी पर बेस्ड नाटक के भावपूर्ण मंचन ने सभी की आंखों में नमी ला दी। शिक्षक जितेन्द्र ने आभार व्यक्त किया।

## समाधान के बच्चों ने महापुरुषों का रूप धारण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

समाधान एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ 77वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी, महापुरुषों एवं अमर शहीदों की छायाचित्र में चन्दन गुलाल, पुष्पमाला, पूजा अर्चना कर की। ध्वजारोहण सीएम साहू ने किया। स्कूली बच्चों ने गणतंत्र दिवस में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद व अन्य अमर सपूतों की वेशभूषा, छत्तीसगढ महतारी, श्री रामजी, हनुमानजी और श्री राधा कृष्ण की वेशभूषा पहनकर झलकियां दिखाया। कार्यक्रम में झांकी प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्राम हसदा नं 1 एवं ग्राम खिसोरा के चौक चौराहो पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर शिक्षक, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गांधी की विचारधारा को खत्म करने की साजिश : तारिणी चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश में भाजपा की साय सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि अवसर पर शुष्क दिवस घोषित नही किया गया जिसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने इसे गांधी विचारधारा में विश्वास रखने वाले लोगों का अपमान बताया है। उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श, त्याग और देश की आज़ादी में उनके ऐतिहासिक योगदान के सम्मान में पूर्व की सरकारों द्वारा उनकी जयंती और पुण्यतिथि को शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। लेकिन भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद जानबूझकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और विचारधारा को हाशिये पर धकेलने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि 30 जनवरी जैसे पवित्र और ऐतिहासिक दिन पर आज धमतरी जिला के सभी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार, क्लब एवं मद्य भण्डारण का संचालन किया जा रहा है। 30 जनवरी को शुष्क दिवस हेतु कोई आदेश जारी नहीं किया जाना सरकार की संवेदनहीनता और गांधी जी के अपमान का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह न केवल राष्ट्रपिता का अनादर है, बल्कि देश की आत्मा पर भी हमला है। उन्होंने आगे कहा की भाजपा के नेताओं को समझना चाहिए की महात्मा गांधी व्यक्ति नहीं एक विचारधारा है। लाख कोशिशों के बावजूद गांधी जी के विचारों के ऊपर गोडसे की विचारधारा को नहीं थोप पाएंगे। भाजपा के नेता दुनिया के अन्य देशों में जाकर महात्मा गांधी जी के सामने सर झुकाते हैं। अन्य देशों से आए राष्ट्र अध्यक्षों के साथ फूल चढ़ाते है और उन्हीं के देश में उनके नाम को हटाने का कार्य करती है। भाजपा के दोहरे चरित्र से पूरा देश वाकिफ हो गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने स्पष्ट कहा कि यह विषय केवल शराब भट्टी बंद कराने का नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान, उनके विचारों और देश की मूल आत्मा की रक्षा का है।

## सीएसपीडीसीएल ने मनाया रजत महोत्सव

- उप संभाग कार्यालय कुरुद में शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड उप संभाग कुरुद में छग रजत महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार बैनर, पोस्टर वीडियो के माध्यम से किया गया। विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

इस दौरान बताया गया कि ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को उनके घर की छत पर 3 किलोवाट तक सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार की ओर से अधिकतम 78 हजार रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से अधिकतम 30 हजार रुपये तक, कुल 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। कार्यक्रम में एकलबत्ती, घरेलू, गैर घरेलू, कृषि सिंचाई वाले ऐसे उपभोक्ता जो विगत 2 वर्षों से नियमित रूप से विद्युत देयक का भुगतान कर रहे हैं, उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि कुरुद वितरण केन्द्र में अभी तक 125 उपभोक्ताओं के यहां सोलर पैनल स्थापित किया जा चुका है, जिसमें से 5 उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नपा कुरुद रहीं। उन्होंने बताया कि कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधन की सीमित मात्रा व उर्जा की बढ़ती मांग को उर्जा के नवकरणीय स्त्रोत सोलर सिस्टम के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है।

अध्यक्षता कर रहे विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने केन्द्र शासन व राज्य शासन द्वारा दी जा रही डबल सब्सिडी एवं बैंक लोन की सुविधा का लाभ उठाते हुए सभी उपभोक्ताओं को स्वयं के साथ 10-10 अन्य लोगों को भी सोलर पैनल लगाने प्रेरित करते हुये संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में एसके कोसरे सहायक अभियंता, वैभव महावर कनिष्ठ अभियंता, टीआर निषाद, अनुभाग अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देश के अमर शहीदों को किया नमन

**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष एसडी नानकानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी जिसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री नानकानी ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष सुन्दरपुरी गोस्वामी ने देश के अमर शहीदों का नमन किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनाली रजक ने किया। प्राचार्य श्रीमती लीला साहू ने बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। मौके पर मुरली आंदानी, विजय अग्रवाल, मनोज सोनी, कामिनी कौशिक, वीणा साहू, मोहन साहू, भूखीन ध्रुव व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मेला स्थल में विशाल भंडारे का आयोजन



**नगरी।** माघी पूर्णिमा के अवसर पर रविवार से प्रारंभ हो रहे कर्णेश्वर धाम मेला स्थल में नगरी क्षेत्र के समाजसेवी और पूजा राइस मिल के संचालक रामा राव बघेल द्वारा सुबह से भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। बता दें की समाजसेवी बघेल प्रतिवर्ष कर्णेश्वर धाम में आयोजित होने वाले मेले में विशाल भंडारा का आयोजन करते हैं। साथ ही साथ प्रतिभावान बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी आगे की शिक्षा को जारी रखने में सहयोग करते हैं। और भी अन्य समाजसेवा कार्य में तत्पर रहते हैं। इसके अलवा जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं।

### साल्हेवारपारा में नाली निर्माण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

**धमतरी।** साल्हेवारपारा वार्ड में सुगम तालाब से रोकड़िया चौक तक आरआरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर रामू रोहरा ने किया। नाली निर्माण कार्य की कुल लागत 23.50 लाख रुपये है, जिससे क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा और नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम धमतरी शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नाली निर्माण जैसे विकास कार्यों से नागरिकों को बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। मौके पर सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्यगण विजय मोटवानी, नरेंद्र रोहरा, नीलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, श्रीमती विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, वार्ड पार्षद रामेश्वरी कोशरे, हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी, ईश्वर सोनकर, कैलाश सोनकर, सूरज शर्मा, गोपाल साहू एवं भागवत साहू उपस्थित थे।

## कुष्ठ निवारण दिवस पर मानवता और सेवा का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर पालिक निगम के तत्वावधान में गांधी आश्रम रानीबगीचा कुष्ठ निवारण दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता सभापति कौशिल्या देवांगन ने की।

विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति के प्रभारी सदस्य निलेश लुनिया, लेडिस क्लब की अध्यक्ष काजल सिन्हा, रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के रामकृष्ण साहू, गहोई वैश्य महिला समाज धमतरी की अध्यक्ष अनिता खरया, अनिता अग्रवाल, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, नम्रता पवार एवं आशा लोधी शामिल रहीं।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सिखाता है कि समाज का अंतिम व्यक्ति ही हमारी असली प्राथमिकता है। कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नहीं, बल्कि पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि नगर निगम केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता, संवेदना और सेवा भावना को सुदृढ़ करना भी उसकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं महिला क्लब के सहयोग से जरूरतमंदों को भोजन किट वितरित किए गए। जिला चिकित्सालय के कर्मी एके साहू द्वारा आश्रम के लिए दरी एवं पंखा दान किया गया तथा आश्रम परिसर स्थित शिव मंदिर में टाइल्स लगवाने की घोषणा भी की गई।

इस अवसर पर नगर निगम आयुर्वेदिक औषधालय की प्रभारी डॉ. विजयलक्ष्मी बशिष्ट, स्वच्छता पर्यवेक्षक विवेक साहू, स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर, रामनारायण माहेश्वरी, अतीश मिश्रा, नरोत्तम मिश्रा, संजय यादव, भूपेंद्र सहित सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## छग राज्य विद्युत मंडल मना रहा रजत जयंती पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्युत कंपनी द्वारा पूरे राज्य भर में 30 जनवरी से 6 फरवरी तक रजत जयंती का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 30 जनवरी को गोकुलपुर, छाती, नगरी एवं गट्टासिली वितरण केंद्र में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीपीएल, घरेलू, गैर घरेलू, कृषि पंप कनेक्शन एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर कनेक्शन लेने वाले पांच- पांच उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 31 जनवरी को कुकरेल, अर्जुनी, सिहावा एवं बेलरगांव वितरण केंद्रों, 2 फरवरी को संभागीय कार्यालय अर्जुनी, केरेगांव, आमदी, सांकरा वितरण केंद्र में एवं 3 फरवरी को धमतरी जोन, धमतरी ग्रामीण, अर्जुनी उपसंभाग, नगरी उपसंभाग एवं बेलरगांव उपसंभाग में रजत जयंती पर्व आयोजन किया गया है।

अनिलप्रसाद सोनी कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के वर्ष 2000 में निर्माण से लेकर जनवरी 26 में 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती पर्व का आयोजन किया गया है। इन 25 वर्षों में विद्युत लाइनों के विस्तार, बहुतायत संख्या में ट्रांसफार्मर एवं उपकेन्द्रों की स्थापना से विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार हुआ है। धमतरी जिले में वर्ष 2000 में कृषि पंपों की संख्या केवल 9458 थी जो वर्तमान में 38064 हो गई है। 33/11 केवि उप केंद्रों की संख्या 36 से बढ़कर 56 हो गई। इसी तरह 11 केवि एवं 33 केवि लाइनों की लंबाई क्रमशः 1419.22 किलोमीटर से बढ़कर 5030.05 कि.मी. हो गई है। उपभोक्ताओं की संख्या 97904 से बढ़कर 235137 हो गई है एवं 24x7 घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति हो रही है। विद्युत वितरण कंपनी संबंधित सेवाओं के सतत विकास से धमतरी जिले के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज छत्तीसगढ़ शत-प्रतिशत विद्युतीकृत राज्य के नाम से जाना जाता है।

## गांव बसने के बाद जोगीडीह में पहली बार होगी रामायण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



गंगरेल डुबान से विस्थापित होकर बसे ग्राम जोगीडीह में गांव के पुनर्वास के बाद पहली बार ग्रामीणों द्वारा तीन दिवसीय रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में किसान नेता एवं समाजसेवी दिग्विजय सिंह कृदत की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्री कृदत ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि धार्मिक आयोजन के लिए वे अपनी ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस संबंध में ग्राम के किले स्थित श्रीराम मंदिर में ग्रामीणों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम जोगीडीह के ग्राम प्रमुखों एवं दिग्विजय सिंह कृदत ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में आती जा रही है। ऐसे में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है, ताकि युवा वर्ग इन आयोजनों से जुड़कर नशे जैसी बुराइयों से दूर रह सके। बैठक में ग्राम प्रमुख शिवराम नेम, नरेंद्र ध्रुव, सुकेश साहू, हरिराम ध्रुव, मोहनलाल ध्रुव, गंगाराम, प्रेमलाल मंडावी, हिंन्छाराम नेताम, मोतीराम ध्रुव एवं प्रीत राम निषाद सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### झांकी में अच्छा प्रदर्शन करने पर छात्र हुए सम्मानित



**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक और कन्या शाला भखारा के विद्यार्थियों को 26 जनवरी को झांकी प्रदर्शन में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करने पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मेहत्तरराम साहू वरिष्ठ पत्रकार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मिकेश साहू, भोजराज देवांगन सहित शासकीय माध्यमिक शाला के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र उपस्थित रहे।

### नपा अध्यक्ष ज्योति ने किया मंदिर शेड एवं चबूतरा का भूमिपूजन



**कुरुद।** पुराने मोहल्लेवासियों की लगातार मांग पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चन्द्राकर एवं पार्षदगण मिथलेस बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी के सहयोग से उनके वार्डों में चार जगहों में शंकर मंदिर और हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार, मंदिर शेड एवं चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि बहुत जल्द ये चारों मंदिर अपने नए स्वरूप में होंगे। इसके बाद भगवान की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर बोल बम सेवा समिति अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, पार्षद कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव, प्रभात बैस, भोजराज चन्द्राकर, केके बैस, चन्द्रकुमार बैस, खेदन प्रसाद तिवारी, भूमिका सिन्हा, श्वेता चन्द्राकर, देवकांत द्वेदी, ऋषि सोनी, नीरज चन्द्राकर, थनेश सिन्हा, अनिल सिन्हा, हिमांशु सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### लुगे में रामायण महोत्सव आज से



**मगरलोड।** ग्राम लुगे में शंकर सुमन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमंत चौक में 1 से 3 फरवरी तक रामायण गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया है। शुभारंभ पर दीप प्रज्वलन कर दोपहर 12 बजे गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू होंगे। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष श्यामलाल निषाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मंडल अध्यक्ष मोहन साहू, सरपंच नारायण साहू होंगे। इसी प्रकार 3 फरवरी समापन पर मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम होंगी, अध्यक्षता पूर्व सरपंच अंजनी निषाद करेंगे, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी तारिणी चंद्राकर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष डिहुराम साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज मगरलोड सुरेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य मगरलोड दीपा साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में संरक्षक सोनूराम साहू, गैंदराम साहू, रामकिशुन साहू, रूपलाल साहू, अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष श्यामलाल साहू, सचिव त्रिलोचन साहू, कोषाध्यक्ष अलेन साहू सहित शंकर सुमन आयोजक समिति एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य का जीवंत प्रदर्शन हुआ



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी थे। अध्यक्षता डॉ. प्रदीप शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि रजत सेठिया, डॉ. रवि शांडिल्य सचिव विद्यालय समिति, महावीर श्रीमाल कोषाध्यक्ष, विद्यालय समिति, एकता सिंह पवन भारद्वाज पूर्व आचार्य थे। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। महापौर रामू रोहरा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। छात्र-छात्रओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं छग की लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य एवं पराक्रम एवं अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई का जीवंत दृश्य कक्षा 5वीं के छात्राओं ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र जीविका साहू एवं जय देवांगन ने किया। प्राचार्य खेमीन साहू ने आभार प्रकट किया।

### बसंत पंचमी पर हुई भजन संध्या





**धमतरी।** छग स्वर्णकार समाज धमतरी ने बसंत पंचमी पर सामाजिक भवन में सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी एवं माता सरस्वती ब्रम्हा की बेटी है। रीता सोनी ने कहा कि हिन्दू धर्म में माता सरस्वती को संगीत कला की देवी मानी जाती है। सरस्वती वंदना किरण सोनी ने प्रस्तुत की। नवीन सोनी मंडली ने भजन गाकर समाजजनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव घनाराम सोनी ने किया। मौके पर संरक्षक मन्नू सोनी, विजय सोनी, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद कोमल सार्वा, भरत सोनी, दिलीप सोनी, कमलेश सोनी, वीरेन्द्र सोनी, बाली सोनी, रवि सोनी, रंजन सोनी, अनिल सोनी, कम्मू सोनी, नवीन सोनी, राम सोनी, बाबा बसंत सोनी, यशवंत सोनी, छविंद्र सोनी, कन्हैया सोनी, उषा सोनी, सरला सोनी, डाली सोनी, कुमुद सोनी, राजकुमारी सोनी, खुशबू, चारु सोनी, सती मन्नू, रोशनी, अनीता, मिथिला, लक्ष्मी सोनी, माधुरी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### सशिमं में हीरालाल साहू ने ध्वजारोहण की



**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सहसंयोजक हीरालाल साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। बच्चों ने राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत का गायन कर देश के महापुरुषों के जयकारे लगाए। प्रधानाचार्य नूतन साहू ने बताया कि देश में संविधान बने 77 वर्ष पूर्ण हो गए। आज ही के दिन देश में संविधान लागू हुआ था। इस मौके पर संयोजक भोजराम साहू, कुलेश्वर सिन्हा, जितेंद्र सोनी, कमलेश साहू, हिम्मत साहू, गोपाल साहू, शिवशंकर साहू, महेंद्र साहू, करण निषाद, प्रधानाचार्य नूतन कुमार साहू समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पौराणिक किवदंती के अनुसार इस धाम की भी है महिमा

# सिलौटी के अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में आज लगेगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छग के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में भी प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा पर भव्य मेले का आयोजन होता है। जिसकी लोकप्रियता और महत्ता समय के साथ बढ़ रही है। श्रद्धालुजन एवं क्षेत्रवासी माँ अन्नपूर्णा की आशीर्वाद व मेले का आनंद लेने यहाँ दूर-दूर से पहुंचते है। जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से 30 किमी दूर दुर्ग और बालोद जिले को विभाजित करने वाली पवित्र नदी खारुन के तट पर बसा सिलौटी गांव में अन्नपूर्णा कोदोरास का धाम है। सन 1993 से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के परस्पर सहयोग से यहां माघी पूर्णिमा की मेला भव्यता के साथ आयोजित होता आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सन 1990-91 में गोरखपुर से ब्रम्हचारी बाबा गोरखनाथ कोदोरास की पूजा करते निवास करने लगे और उन्होंने आसपास गांव से भिक्षा प्राप्त कर श्रीहरि विष्णु और माँ अन्नपूर्णा लक्ष्मीजी का मंदिर निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा करवाये तब से प्रतिवर्ष यहाँ माघी पूर्णिमा पर मेला लगने लगा।

अन्नपूर्णा धाम कोदोरास के पीछे का रहस्य : पूर्व विधायक लेखराम साहू के अनुसार वर्षो पहले यह गांव प्राकृतिक प्रकोप सूखा-अकाल की चपेट में था। तब एक दिन गांव के ही एक किसान को माता अन्नपूर्णा ने दर्शन दिया और उन्हें सुखी और समृद्ध होने का आशीर्वाद दिया। माता के दर्शन देने के बाद इस गांव में अच्छी बारिश के साथ अच्छी फसल भी हुई। जब फसल की अच्छी से कटाई, गुड़ाई की और भरपूर मात्रा में कोदो उपज को प्राप्त किया। किसान कोदो फसल की भंडारण किया जिनको रास कहा जाता है। कोदोरास को देखकर वह बहुत खुश हुआ और नापने के लिए एक लकड़ी का काठा लिया। इस बीच एक आश्चर्यजनक घटना उस समय घटित हुआ। किसान जब कोदो को काठा से नापने लगा, नापते गया नापते तक गया, लेकिन कोदो खत्म नही हुआ तो वह थक हारकर परेशान हो गया। तब किसान गुस्से से कोदो को वही खलिहान में छोड़कर और काठा को लात मारकर चला गया। अगले दिन जो कोदो अनाज का ढेर था वह उसी स्थान पर पत्थर बन गया था और लात मारने से काठा भी लगभग वहां से 500 मीटर दूर छिटक कर पत्थर बन गया था। तब किसान से ग्रामीणों को माँ अन्नपूर्णा की महिमा का पता चला।

मंदिरों के निर्माण के बाद बढ़ गया मेले का स्वरूप : सरपंच पिंटू शिंदे, ग्रामीण गिरधारी साहू, शिवप्रसाद, कुलेश्वर साहू, राजेश साहू ने बताया कि धीरे से यहां पर भगवान जगन्नाथ, हनुमानजी, शनिदेव, माता शीतला, कर्मा माता श्रीकृष्ण, राम, बूढ़ादेव और दुर्गा माता की मंदिर का निर्माण विभिन्न समाजों व दान दाताओं एवं शासन-प्रशासन से होने के बाद मेले की भव्यता बढ़ी है। इस वर्ष भी मंदिर की विशेष सफाई व्यवस्था के साथ ही उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बाहर से आए दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान सजा लिए हैं। इसमें दुकानों के साथ मनोरंजन भी आकर्षण का केंद्र होता है। मेले में तरह-तरह की दुकानों के साथ चाट-पकौड़ी, लकड़ी के सामान, महिलाओं के सौंदर्य का सामान, किताबें व प्रसाद की दुकानें लग गई हैं। बच्चों के लिए बड़ा झूला, रेल झूला भी लगाया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के सांस्कृतिक विभाग का कार्यक्रम रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है।

## अवैध डबरी को मूर्ति विसर्जन के लिए आरक्षित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद तहसील के ग्राम मेंडरका के ग्रामीणों ने गौठान एवं चारागाह की जमीन में खोदे गए डबरी को मूर्ति विसर्जन के लिए आरक्षित करने की मांग कलेक्टर से की है।

ग्राम विकास समिति मेंडरका के अध्यक्ष, सचिव सहित कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि विशाखापट्टनम 6 लेन मार्ग के लिए गांव के चारागाह तथा गौठान की जमीन की खोदकर मिट्टी निकाली गई है। इससे वहां पर डबरी बन गया है। यह डबरी अवैध रूप से निर्मित है तथा राजस्व विभाग में दर्ज नहीं है। इस डबरी को सरपंच लीज पर देना चाहता हैं। गांव में बैठक के दौरान इस डबरी को गणेश तथा दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए आरक्षित रखने का निर्णय लिया गया है। इस डबरी को लीज में देने पर आपत्ति का आवेदन सचिव स्वीकार नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्थल जनमानस की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है। लीज में देने से जनभावनाओं को ठेस पहुंचेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में देवीदयाल, संतानु बंजारे, विष्णुराम, सियाराम साहू, गजानंद सिन्हा, संतराम साहू, कामता प्रसाद आदि शामिल थे।

## मेला के आध्यात्मिक महत्व को समृद्ध करने धर्म प्रेमी पं. राजेश शर्मा ने प्रशासन को दिये सुझाव

- मेला समिति के स्थल का किया निरीक्षण, तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के पास महानदी के तट पर माघ पूर्णिमा पर लगने वाला डोंगापथरा एवं रूद्रेश्वर घाट पर रूद्री मेला पुरातन काल से आध्यात्मिक दृष्टिकोण से क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। देवपुर डोंगा पथरा मेला स्थल का शहर के धर्म प्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने निरीक्षण करते हुए जिला प्रशासन को साफ सफाई तथा नदी में पर्याप्त पानी की व्यवस्था पूर्णिमा स्नान हेतु किए जाने संबंधी सुझाव दिए हैं। इसके साथ ही श्री शर्मा ने कहा है कि वर्तमान में निर्माणाधीन सड़क के कारण मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए धूल से बचाव हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि मेला के आध्यात्मिक महत्व को आगे बढ़ाने हेतु प्रत्येक व्यक्ति क्षेत्र की इस पहचान में अपना योगदान देकर सहभागिता प्रदान करें।

इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, मेला समिति के सचिव यतीश भूषण श्रीवास्तव, देवपुर के सरपंच देवलाल साहू, तिलक राम साहू, प्यारेलाल यादव ,चेतन लाल यदु, धन्नू जांगड़े, कैलाश साहू, आत्माराम ध्रुव, पिन्टू यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अटंग में संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का समापन आज

- मानसगान सहित आरती थाल सजाओ, रंगोली स्पर्धा के विजेता होंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति के तत्वावधान एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 30 जनवरी से संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता जारी है। आयोजन के दूसरे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में मानसगान सुनने श्रद्धालु पहुंचे थे। छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है।

कार्यक्रम के दूसरे दिन गीतांजली मानस परिवार गोबरा/कुरूद, जय मां दुर्गा मानस एवं जगराता ग्रुप बासिन गरियाबंद, तुलसी मंजरी महिला मानस मंडली कोपरा राजिम, गुरुकृपा बाल संस्कार मानस परिवार बेलमाण्ड बालोद, जय श्रीराम मानस परिवार भलेसर महासमुंद, जय मां कर्मा महिला मानस मंडली फरसिया नगरी, अदिति हर्षा बालिका मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद, शारदा रानी मानस परिवार सोरिद महासमुंद, माधुरी महिला मानस मंडली नहरगांव गरियाबंद की मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

1 फरवरी को मानसगान स्पर्धा का समापन होगा। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शामिल होंगे। अध्यक्षता गायत्री इंद्रजीत चेलक सरपंच अटंग करेंगी।

विशेष अतिथि नीलम चंद्राकर सदस्य जिपं धमतरी, आशीष शर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद, महेश्वरी रोशन चंद्राकर पूर्व सरपंच, मनोज अग्रवाल, भागवतराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, इंदुराम साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, ओंकार साहू सहित अन्य अन्य ग्रामीण पदाधिकारीगण एवं गणमान्यजनों की उपस्थिति में मनासगान के विजेताओं पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान आरती थाल सजाओ, रंगोली सजाओ प्रतियोगिता के विजेताओं को भी विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

## मानस मंच से आस्था, श्रद्धा और भक्ति बढ़ती है : पं. राजेश



**धमतरी।** सारंगपुरी एवं खरेंगा में रामचरितमानस मानस मंच से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धर्म प्रेमी समाजसेवी पं.राजेश शर्मा ने कहा कि समाज में जब से लोगों में आपस की दूरियां छोटी-छोटी बात को लेकर बढ़ने लगी है तो ऐसे समय में गांव-गांव में होने वाले प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित मानस मंच हम सब के बीच में आपसी प्रेम, भाईचारा ,आस्था व श्रद्धा के साथ ही साथ विश्वास का भाव पैदा करता है। यही एक दूसरे को जोड़कर गांव राज्य एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूती देने का काम करता है। यही बात वर्तमान समय की मां भारती की रक्षा के लिए जरूरी है। राजेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में यतीश भूषण श्रीवास्तव,पार्षद पिन्टू यादव, कुलेश सोनी सरपंच रामकुमार यादव, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, गांव पटेल पंचूराम साहू, धन्नू जांगड़े पूर्व मंडी सदस्य, प्यारे लाल यादव, मनोहर लाल सोनकर, आयोजक समिति के अध्यक्ष कैलाश साहू, उपाध्यक्ष सखाराम ध्रुव, सचिव जोतराम नेताम, कोषाध्यक्ष खोवाराम साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कर्णेश्वर धाम के विष्णु मंदिर में हुई पूजा



- वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करने सेन समाज के लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था से जुड़ा वार्षिक भव्य माघ मेला कर्णेश्वर धाम में इस वर्ष 1 फरवरी से श्रद्धा, स्नान, ध्यान और पूजा-पाठ के साथ आरंभ होगा। यह मेला न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

माघ पूर्णिमा से एक दिन पूर्व शनिवार की सुबह कर्णेश्वर मंदिर परिसर स्थित भगवान विष्णु एवं संत सेन महराज के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सेन समाज सहित नगरी-सिहावा क्षेत्र के सामाजिकजन उपस्थित रहे और परंपरा के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। मंदिर के पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से पूजा कराई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने समाज की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और आपसी सद्भाव के लिए प्रार्थना की। वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से एक दिन पूर्व कर्णेश्वर धाम परिसर में स्थित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। इसी सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धार्मिक विरासत को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर भानेन्द्र सिंह सुरेशा, प्रकाश सेन, बनवाली राम सेन, प्रताप सिंह सुरेशा, भरत लाल सेन, आनंद राम सेन, भगवान सिंह सेन, निर्भय सिंह सुरेशा, कोमल सेन, कृष्णा सेन सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित रहे।

## देवपुर में भगवान नारायण देव की हुई प्राण-प्रतिष्ठा




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कंडेल परगना के महार/महरा समाज द्वारा ग्राम देवपुर (डोंगापथरा) में समाज के ईष्टदेव भगवान नारायणदेव की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का विशेष वातावरण रहा। कार्यक्रम में छग झरिया महार/महरा समाज पंजीकृत शाखा के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक मेश्राम, पूर्व अध्यक्ष खिलावन चोपड़िया, पूर्व सचिव गजेन्द्र सारदे, बीआर खरे, अजित भीमगंज, गिरधर मेश्राम, नरोत्तम आग्नेकर, मनोज नायक, रमेश सोनवानी सहित कंडेल परगना अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार, सचिव भगवान सिंह, महेश्वरी अग्रवाल तथा समाज के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। देवस्थल देंवपुर (डोंगापथरा) में समाज की ओर से 6001 रुपये का दान अर्पित किया गया। गजेन्द्र सारदे ने 500 रुपये, राधेश्याम शांडिल्य ने 1100 रुपये, सुनीता राजवंशी ने 501 रुपये तथा देवपुर मेला समिति संरक्षक रामकुमार कौशल ने 500 रुपये का योगदान दिया। इस अवसर पर रोशन मधु सोनगाते की उपस्थिति रही।

## सर्वाधिक सफल प्रसव के लिए सलोनी की नर्स को मिला सम्मान



**कुकरेल(धमतरी)।** नगरी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम सलोनी में पदस्थ श्रीमती लक्ष्मी सोनकर पति भरत लाल सोनकर को 26 जनवरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान सर्वाधिक सफल प्रसव करने पर दिया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्र सलोनी में पदस्थ श्रीमती लक्ष्मी सोनकर के द्वारा वनांचल क्षेत्र से प्रसव के लिए आई हुई गर्भवती महिलाओं का सफल प्रसव कराकर उनके घर में खुशियां देने वाली मिलनसार व सरल स्वभाव वाली तथा नर्स दीदी के नाम से श्रीमती लक्ष्मी सोनकर को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि श्रीमती लक्ष्मी सोनकर ग्राम लोहरसी की निवासी हैं, सलोनी में पदस्थ होकर अपनी सेवा प्रदान कर रही हैं और उनके सफल कार्यशैली के कारण वनांचल के दूर-दूर के गांव से महिलाएं आकर सलोनी में प्रसव कराती हैं। सेवा निष्ठा के कारण उन्हें पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के हाथों सम्मानित किया गया। इससे पहले भी वर्ष 2017 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय सम्मान से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर के हाथों सम्मान मिला था। 2023 में भी विकास खण्ड स्तरीय सम्मान प्राप्त कर चुकी है।







